प्रेस विज्ञप्ति

आचार्य महाप्रज्ञ चातुर्मास व्यवस्था समिति

सरदारशहर 331 401

Email : terapanthpr@gmail.com * Fax : 01564-220 233

मोह को कम कर अप्रमाद की रक्षा करें : आचार्य महाश्रमण

सरदारशहर 18 जून, 2010

वह व्यक्ति अज्ञानी होता है जिसने मोह का पूर्ण रूप से त्याग नहीं किया है, मनुष्य को मोह का आवरण कम कर अप्रमाद की रक्षा करनी चाहिए जिस तरह से एक बुद्धिमान सेठ अपने धन की रक्षा करता है।

उक्त विचार आचार्यश्री महाश्रमण ने स्थानीय चौरड़िया प्रशाल में उपस्थित धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

आचार्यश्री महाश्रमण ने आगे कहा कि आदमी को प्रमाद से बचने के लिए स्वाध्याय, ध्यान करना चाहिए। एक भिक्षु या साधक आत्मा के लिए अभिनिष्क्रमण करता है, प्रमाद ऐसा तत्व है जो साधना को बाधित करता रहता है तपस्या के साथ पुण्य का बंध भी होता है। जो लोग मोह से आवृत हुें, प्रमाद में लगे रहते हैं उनका जीवन जैस सूर्य के आगे बादल आ जाते हैं और जब मोहरूपी बादल हटते हैं तो आत्मा की तेजस्विता प्रकट होती है।

इस अवसर पर श्रीमती वर्षा ने अपने ग्यारह दिन की तपस्या का प्रत्याख्यान क्करते हुए कहा कि मैं 11वें आचार्य का 11दिन की तपस्या कर अभिनन्दन करती हूं इस अवसर पर उनके साथ उपस्थित पारिवारिकजन ने अपने गीत के द्वारा भावना व्यक्त की।

महाप्रज्ञ जीवन दर्शन कार्यशाला संपन्न

सरदारशहर 18 जून, 2010

आचार्यश्री महाश्रमण के सान्निध्य में महाप्रज्ञ जीवन दर्शन साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन आज संपन्न हुआ। ज्ञातव्य है कि इस कार्यशाला में मुनि दिनेश कुमार, मुनि योगेश कुमार ने अपना समय नियोजित किया। इसका आयोजन स्थानीय तेरापंथ युवक परिषद् द्वारा किया गया, कार्यशाला के प्रायोजक पारसमल छाजेड़ तुलसी छाजेड़ थे इस कार्यशाला में 127 अभ्यर्थियों ने भाग लिया जिसमें 100 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जिसमें प्रथम स्थान रिकेश बैद, प्रीति कुण्डलिया व संगीता छाजेड़, द्वितीय स्थान पर कान्ता देवी नौलखा व रश्मि संचेती तथा तृतीय स्थान पर कमलादेवी सेठिया, मधु छलानी, नम्रता सेठिया, प्रज्ञा छाजेड़ व ऋषभ कुमार छाजेड़ को सुजानमल दुगड़, डालचन्द चिण्डालिया व स्थानीय तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अशोक नाहटा ने साहित्य देकर सम्मानित किया। ज्ञातत्वय है कि इस सात दिवसीय कार्यशाला में तेयुप मंत्री विनीत पींचा, संगठन मंत्री निर्मल छाजेड़, उपाध्यक्ष राजेश महात्मा ने अपना सहयोग प्रदान किया इसके अलावा सुनील दुगड़, महेन्द्र श्यामसुखा, अमित आंचलिया ने अपना सहयोग प्रदान किया।

स्थानीय तेरापंथ युवक परिषद के अध्यक्ष दीपक बुच्चा ने कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला के संयोजक रोहित डागा व कोषाध्यक्ष शान्ति प्रकाश दूगड़ ने आचार्यश्री महाश्रमण को साप्ताहिक कार्यशाला की किट भेंट की।

शीतल बरड़िया (मीडिया संयोजक)